**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2030**
**दिनांक 03.03.2020/ 13 फाल्गुन, 1941 (शक) को उत्तर के लिए**

**दिल्ली एन°सी°आर° में गति सीमा उल्लंघन की निगरानी**

**†2030. श्री राजकुमार चाहरः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) दिल्ली/राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक मॉनीटरिंग उपकरणों की संख्या कितनी है तथा संशोधित मोटर वाहन अधिनियम के क्रियान्वयन के बाद वाहन गति संबंधी उल्लंघनों की जांच के लिए किन-किन स्थानों/सड़कों पर ऐसे उपकरण लगाए गए हैं;**

**(ख) ऐसे कितने इलेक्ट्रॉनिक मॉनीटरिंग उपकरण कार्य नहीं कर रहे हैं और इसके क्या कारण हैं;**

**(ग) उपकरणों को लगाए जाने के बाद उल्लंघन करने वाले कितने ड्राइवरों को चालान जारी किए गए हैं; और**

**(घ) चालान नहीं किए गए मामलों में ऐसा नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जी किशन रेड्डी)**

(क) और (ख): भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार, 'पुलिस' और 'लोक व्यवस्था' के संबंध में प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की होती है। जहां तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का संबंध है, दिल्ली पुलिस ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में 49 सड़कों पर कुल 100 गैन्ट्री माउंटेड ओवर-स्पीड वायलेशन डिटेक्शन कैमरा सिस्टम (ओएसवीडी) लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 34 चौराहों पर रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन कैमरा सिस्टम (आरएलवीडी) लगाया गया है, जिसमें गति सीमाओं के उल्लंघन की जांच करने की सुविधा भी है। उन स्थानों/सड़कों, जिन पर ऐसे उपकरण लगाए गए हैं, का ब्यौरा अनुलग्नक I और अनुलग्नक II में दिया गया है। मोटर यान (संशोधन) अधिनियम, 2019 के कार्यान्वयन अर्थात् दिनांक 01.09.2019

के पश्चात् दिसंबर, 2019 के महीने में विभिन्न सड़कों पर 75 ओएसवीडी कैमरे लगाए गए हैं और 18 चौराहों पर आरएलवीडी कैमरे लगाए गए हैं। उन स्थानों/सड़कों, जिन पर ऐसे उपकरण लगाए गए हैं, का ब्यौरा अनुलग्नक III और अनुलग्नक IV में दिया गया है। आज की तारीख में, ऐसा कोई भी उपकरण नहीं है, जो कार्य न कर रहा हो।

(ग) और (घ): फरवरी, 2019 से अगस्त, 2019 तक की अवधि के दौरान इन प्रणालियों के माध्यम से पता लगाए गए उल्लंघनों के आधार पर, उल्लंघन करने वाले मोटर वाहन चालकों को दिल्ली पुलिस द्वारा जारी किए गए नोटिसों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| **उल्लंघन** | **जारी किए गए नोटिसों की संख्या** |
|---|---|
| रेड लाइट/स्टॉप लाइन/यातायात के प्रवाह के विपरीत वाहन चलाना | 14,44,721 |
| अधिक गति से वाहन चलाना | 9,91,481 |
| **कुल** | **24,36,202** |

नई प्रणाली के अनुसार, दिल्ली पुलिस द्वारा उल्लंघनकर्ताओं को उनके संबंधित मोबाइल नंबरों पर एसएमएस के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप में नोटिस भेजे गए थे और उल्लंघनकर्ताओं को चालान की राशि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा करने के लिए ई-पेमेंट गेटवे की सुविधा दी गई थी। तथापि, दिनांक 01.09.2019 से संशोधित मोटर यान अधिनियम की अधिसूचना के पश्चात, उपर्युक्त प्रक्रिया को रोकना पड़ा क्योंकि दिल्ली पुलिस के यातायात कर्मियों को अभी तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 200 (1) के तहत चालान राशि का प्रशमन करने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है। तथापि, उल्लंघनों को नोटिस के रूप में मुद्रित किया जाता है और उन्हें उल्लंघनकर्ताओं को पंजीकृत डाक द्वारा भेजा जाता है। दिनांक 01.09.2019 से 26.02.2020 तक जारी किए गए ऐसे नोटिसों की संख्या 21,406 है।

******

**अनुलग्नक-I**

**दिनांक** 03.03.2020 **का लो.स.अ.प्र.सं.** 2030

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में उन स्थानों का ब्यौरा जहां 100 ओवर-स्पीड वायलेशन डिटेक्शन कैमरा सिस्टम (ओएसवीडी) लगाए गए हैं

| क्र.सं. | स्थान | कैमरों की सं. |
|---|---|---|
| **1.** | एनएच -24 | **02** |
| **2.** | सलीमगढ़ बाईपास - आईटीओ से आईएसबीटी, कश्मीरी गेट | **02** |
| **3.** | आउटर रिंग रोड - वजीराबाद से भलस्वा डेयरी | **02** |
| **4.** | भलस्वा से वजीराबाद | **02** |
| **5.** | देव प्रकाश शास्त्री मार्ग - रतन पुरी से इंद्रपुरी | **02** |
| **6.** | धौला कुआँ से नारायणा | **02** |
| **7.** | अरुणा आसफ अली रोड - जेएनयू से मसूदपुर | **03** |
| **8.** | नेल्सन मंडेला रोड | **02** |
| **9.** | डीएनडी फ्लाईओवर | **02** |
| **10.** | एनएच-1 (जी.टी. करनाल रोड) | **02** |
| **11.** | एनएच-1 (जी.टी. करनाल रोड) | **02** |
| **12.** | जोसेप ब्रोज टिटो मार्ग | **02** |
| **13.** | एनएच-24, गाजीपुर से एलएनसी 1 रिंग रोड | **02** |
| **14.** | एनएच -24, एलएनसी 1 रिंग रोड से गाजीपुर | **02** |
| **15.** | प्रेमबाड़ी पुल- शालीमार बाग | **02** |
| **16.** | बारापुला फ्लाईओवर | **02** |
| **17.** | एनएच-10 (रोहतक रोड) | **02** |
| **18.** | अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन | **02** |
| **19.** | सलीमगढ़ बाईपास - आईएसबीटी से आईटीओ | **02** |
| **20.** | रिंग रोड - आईएसबीटी से वजीराबाद | **02** |
| **21.** | द्वारका लिंक रोड | **02** |
| **22.** | एमजी रोड | **04** |
| **23.** | टी 3 रोड | **02** |
| **24.** | नोएडा लिंक रोड, मयूर विहार फेज- I | **02** |
| **25.** | वन्देमातरम रोड | **02** |
| **26.** | द्वारका सेक्टर -21 मेट्रो स्टेशन के नजदीक | **02** |
| **27.** | रोड नंबर 208, द्वारका | **02** |
| **28.** | शंकर रोड राउंड-अबाउट से तालकटोरा राउंड अबाउट | **02** |

| | | |
|---|---|---|
| **29.** | महरौली – महिपालपुर रोड | **02** |
| **30.** | ट्रामा सेंटर से आई.पी. कॉलेज 'टी' पॉइंट | **02** |
| **31.** | आउटर रिंग रोड से आजाद पुर के नजदीक वजीराबाद | **02** |
| **32.** | बवाना रोड | **02** |
| **33.** | कंझावला रोड | **02** |
| **34.** | कंझावला रोड | **02** |
| **35.** | रोहिणी | **02** |
| **36.** | मुंडका से बहादुरगढ़ | **02** |
| **37.** | द्वारका सेक्टर –21 से छावला | **02** |
| **38.** | द्वारका मेट्रो स्टेशन सेक्टर 9 | **02** |
| **39.** | एनआईआईएसटी से द्वारका सेक्टर – 3 डीपीएस के पास, द्वारका | **02** |
| **40.** | सेक्टर – 3 से द्वारका फ्लाईओवर | **02** |
| **41.** | पीरागढ़ी | **02** |
| **42.** | छावला रोड | **02** |
| **43.** | शकूरपुर मेट्रो स्टेशन | **02** |
| **44.** | मुल्तान नगर | **02** |
| **45.** | महिपालपुर बाईपास | **02** |
| **46.** | राजौरी गार्डन रिंग रोड | **02** |
| **47.** | मिलेनियम बस डिपो | **02** |
| **48.** | वन्देमातरम रोड | **02** |
| **49.** | एनएच –24, एलएनसी 1 रिंग रोड से गाजीपुर | **01** |
| | **कुल** | **100** |

**अनुलग्नक-II**

**दिनांक** 03.03.2020 **का लो.स.अ.प्र.सं.** 2030

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में उन 34 चौराहों का ब्यौरा जिन पर रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन कैमरा सिस्टम (आरएलवीडी) लगाया गया है

| क्र.सं. | चौराहे का नाम |
|---|---|
| **1.** | लोधी रोड - दयाल सिंह कॉलेज क्रॉसिंग |
| **2.** | चिराग दिल्ली |
| **3.** | लाडो सराय- टी पॉइंट |
| **4.** | सीडीआर चौक |
| **5.** | आईआईटी गेट फ्लाईओवर के नीचे आईआईटी गेट |
| **6.** | छत्ता रेल-लाल किला चौक |
| **7.** | जेल रोड-लाजवंती चौक |
| **8.** | किंग्सवे कैंप |
| **9.** | पंजाबी बाग-मोती नगर रिंग रोड |
| **10.** | राजेश पायलट मार्ग-पृथ्वीराज रोड |
| **11.** | सेक्टर -1, द्वारका रेड लाइट |
| **12.** | अरबिंदो चौक |
| **13.** | किर्बी प्लेस |
| **14.** | एनएसजी लाइट सिग्नल |
| **15.** | गुलाबी बाग- त्रि नगर क्रॉसिंग |
| **16.** | आईपी कॉलेज-खैबर पास सिग्नल |
| **17.** | द्वारका में सेक्टर 4/12 क्रॉसिंग |
| **18.** | एनएसआईटी रेड लाइट |
| **19.** | क्राउन प्लाजा चौक-तुगलकाबाद क्रॉसिंग |
| **20.** | राजा गार्डन चौक |
| **21.** | पेसिफिक मॉल रेड लाइट |
| **22.** | के.डी. चौक |
| **23.** | चांदगीराम अखाड़ा रेड लाइट |
| **24.** | विश्वविद्यालय रेड लाइट |
| **25.** | मोती बाग - शांति पथ रिंग रोड चौराहा |
| **26.** | भीकाजी कामा प्लेस - अफ्रीका एवेन्यू रिंग रोड क्रॉसिंग |
| **27.** | नौरोजी नगर - विनायक मार्ग रिंग रोड |

| | |
|---|---|
| **28.** | एंड्रूज गंज रिंग रोड |
| **29.** | मूलचंद रिंग रोड |
| **30.** | लाल साई मार्केट - लाजपत नगर रिंग रोड |
| **31.** | कैप्टन गौर मार्ग रिंग रोड |
| **32.** | श्रीनिवास पुरी रिंग रोड |
| **33.** | सराय काले खां रिंग रोड |
| **34.** | माया पुरी चौक |

**अनुलग्नक-III**

**दिनांक 03.03.2020 का लो.स.अ.प्र.सं. 2030**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में उन स्थानों का ब्यौरा जहां 75 ओवर-स्पीड वायलेशन डिटेक्शन कैमरा सिस्टम (ओएसवीडी) लगाए गए हैं

| क्र.सं. | स्थान | कैमरों की संख्या |
|---|---|---|
| **1** | एमजी रोड | **2** |
| **2** | एनएच-10 (रोहतक रोड) | **2** |
| **3** | महरौली-महिपालपुर रोड | **2** |
| **4** | बवाना रोड | **2** |
| **5** | कंझावला रोड | **2** |
| **6** | मुंडका से बहादुरगढ़ | **2** |
| **7** | निसिट से द्वारका सेक्टर-3 डीपीएस के पास, द्वारका | **2** |
| **8** | सेक्टर -3 से द्वारका फ्लाईओवर | **2** |
| **9** | मेट्रो पिलर नंबर 202, रोहतक रोड मुल्तान नगर | **2** |
| **10** | द्वारका सेक्टर 9 | **2** |
| **11** | एनएच-24 एलएनसी 1 रिंग रोड से गाजीपुर | **1** |
| **12** | एनएच -24 एनएनसी 1 रिंग रोड से गाजीपुर | **1** |
| **13** | एनएच-24 गाजीपुर से एनएनसी-1 रिंग रोड | **1** |
| **14** | एनएच-24 गाजीपुर से एनएनसी-1 रिंग रोड | **1** |
| **15** | रिंग रोड आईएसबीटी से वजीराबाद | **2** |
| **16** | द्वारका लिंक रोड | **2** |
| **17** | बारापुला फ्लाईओवर | **2** |
| **18** | टी3-रोड | **2** |
| **19** | नोएडा लिंक रोड मयूर विहार फेस -1 | **2** |
| **20** | वन्दे मातरम मार्ग | **2** |
| **21** | वन्दे मातरम मार्ग | **2** |
| **22** | सेक्टर -21 मेट्रो स्टेशन के पास | **2** |

| | | |
|---|---|---|
| **23** | रोड नंबर 208, द्वारका | **2** |
| **24** | शंकर रोड से तालकटोरा राउंड | **2** |
| **25** | अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन | **2** |
| **26** | कंझावला रोड | **2** |
| **27** | रोहिणी | **2** |
| **28** | द्वारका सेक्टर -21 से छावला | **2** |
| **29** | पीरागढ़ी | **2** |
| **30** | छावला रोड | **2** |
| **31** | शकूरपुर मेट्रो स्टेशन | **2** |
| **32** | प्रेमबाड़ी पुल - शालीमार | **2** |
| **33** | महिपालपुर बाईपास | **2** |
| **34** | मिलेनियम बस डिपो | **2** |
| **35** | राजौरी गार्डन रिंग रोड | **2** |
| **36** | एमजी रोड सुल्तानपुर मेट्रो स्टेशन | **2** |
| **37** | मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन | **2** |
| **38** | ट्रामा सेंटर से आईपी कॉलेज 'टी' पॉइंट | **2** |
| **39** | एनएच -24 | **1** |
| **40** | गीता कॉलोनी | **1** |
| **41** | राजघाट डीटीसी डिपो | **1** |
| | **कुल** | **75** |

**अनुलग्नक-IV**

**दिनांक 03.03.2020 का लो.स.अ.प्र.सं. 2030**

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में उन 18 चौराहों का ब्यौरा जिन पर रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन कैमरा सिस्टम (आरएलवीडी) लगाया गया है

| क्र.सं. | चौराहे का नाम |
|---|---|
| **1** | किंग्सवे कैंप |
| **2** | पंजाबी बाग-मोती नगर रिंग रोड |
| **3** | अरबिंदो चौक |
| **4** | सेक्टर -1, द्वारका रेड लाइट |
| **5** | जेल रोड-लाजवंती चौक |
| **6** | छत्ता रेल-लाल किला चौक |
| **7** | राजेश पायलट मार्ग-पृथ्वीराज रोड |
| **8** | किर्बी प्लेस |
| **9** | गुलाबी बाग-त्रि नगर क्रासिंग |
| **10** | आईपी कॉलेज-खैबर पास सिग्नल |
| **11** | द्वारका में सेक्टर 4/12 क्रॉसिंग |
| **12** | एनएसआईटी रेड लाइट |
| **13** | क्राउन प्लाजा चौक-तुगलकाबाद क्रॉसिंग |
| **14** | राजा गार्डन चौक |
| **15** | पेसिफिक मॉल रेड लाइट |
| **16** | के.डी. चौक |
| **17** | चांदगीराम अखाड़ा रेड लाइट |
| **18** | विश्वविद्यालय रेड लाइट |